<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 630

20 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के संयंत्रों का आधुनिकीकरण किया जाना

630. श्रीमती शशिकला पुष्पाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में सलेम इस्पात संयंत्र सहित भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (एसएआईएल) के संयंत्रों का आधुनिकीकरण प्रारंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो चालू वित्त वर्ष के दौरान तमिलनाडु के सलेम संयंत्र सहित अब तक किए गए आधुनिकीकरण कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आधुनिकीकरण कार्यकलापों पर संयंत्र-वार व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भिलाई, बोकारो, राउरकेला, दुर्गापुर और बर्नपुर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्रों तथा तमिलनाडु के सेलम में स्थित विशेष इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण और विस्तार शुरू किया था।

सेलम स्थित विशेष इस्पात संयंत्र समेत सेल के इस्पात संयंत्रों में होने वाले आधुनिकीकरण और विस्तार कार्यों में अन्य के साथ-साथ नवीनतम विकसित रोलिंग मिलें यथा- कोल्ड-रोल्ड उत्पादों के लिए कपल्ड पिकलिंग एवं टेंडम मिल, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, यूनिवर्सल सेक्शन मिल, वायर रॉड एवं बार मिल, मीडियम स्ट्रक्चरल मिल, स्टील मेल्टिंग शॉप इत्यादि शामिल है, जिनमें विभिन्न मूल्य-वर्द्धित उत्पादों का उत्पादन करने की क्षमता निहित है।

(ग): आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यों में हुए खर्च का संयंत्र-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

सेल के संयंत्र	**खर्च (नवंबर, 2017 तक) (करोड़ रुपये में) (सकल)**
भिलाई इस्पात संयंत्र	18,181
राउरकेला इस्पात संयंत्र	12,623
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	3,128
बोकारो इस्पात संयंत्र	5,927
इस्को इस्पात संयंत्र	18,656
सेलम इस्पात संयंत्र	2,371

******